# उ0प्र0 एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# (यूपीडा)

## बोर्ड की 47वीं बैठक की कार्यवृत्त।

## दिनांक 06.06.2019

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण
सी–13, पर्यटन भवन, द्वितीय तल, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010
0522. 2307592, 2307542 4108184 फैक्स: 0522.4013560

# उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 06.06.2019 को सम्पन्न हुई 47वीं बैठक का कार्यवृत्त।

**बैठक में निम्नलिखित प्रतिभागियों ने भाग लिया :–**

1. श्री अवनीश कुमार अवस्थी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा —अध्यक्ष
2. श्री श्रीश चन्द्र वर्मा, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा —सदस्य/सचिव
3. श्री संजय प्रसाद, सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग उ0प्र0 शासन —सदस्य
4. श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा, अपर निदेशक कोषागार, वित्त विभाग उ0प्र0 शासन, (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग) —सदस्य
5. श्री अनिल कुमार, उप सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास उ0प्र0 शासन (प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास) —सदस्य
6. श्री अभय कुमार, उप सचिव, लोक निर्माण, उ0प्र0 शासन (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण) —सदस्य
7. श्री विजय कान्त दुबे, निदेशक, आवास बन्धु (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन) —सदस्य
8. श्री एन0 के0 आदर्श, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 औद्योगिक विकास निगम, लि0 कानपुर। (प्रतिनिधि प्रबन्ध निदेशक) —सदस्य

**विशेष आमंत्री:–**

1. श्री विश्वजीत राय, उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं वित्त नियंत्रक, यूपीडा।
2. श्री अनिल कुमार पाण्डेय, मुख्य अभियन्ता, यूपीडा।
3. श्री राकेश त्रिवेदी, मुख्य तकनीकी सलाहकार, यूपीडा।
4. श्री जे0पी0 सिंह, विशेष कार्याधिकारी (भू–अर्जन), यूपीडा।
5. श्री रवीन्द्र गोडबोले, वरिष्ठ सलाहकार (अनुश्रवण एवं मूल्यांकन), यूपीडा।
6. श्री ओ0पी0 पाठक, विशेष कार्याधिकारी (भू–अर्जन) यूपीडा।
7. श्री बी0सी0 तिवारी, विशेष कार्याधिकारी, वन, यूपीडा।
8. श्री एन0एन0 श्रीवास्तव, महाप्रबन्धक (सिविल), यूपीडा।
9. श्री के0के0 सिंह विसेन, विशेष कार्याधिकारी, यूपीडा।
10. श्री डी0पी0 सिंह, विशेष कार्याधिकारी, यूपीडा।
11. श्री चुनकू राम पटेल, विशेष कार्याधिकारी (भू–अर्जन), यूपीडा।
12. श्री के0के0 गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार (वित्तीय संस्थाए), यूपीडा।
13. श्री अनूप श्रीवास्तव, वरिष्ठ सलाहकार (प्रोक्योरमेन्ट सेल), यूपीडा।
14. श्री मनोज कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियन्ता, यूपीडा।
15. श्री किशोर पाण्डेय, सलाहकार (प्रोक्योरमेन्ट सेल), यूपीडा।
16. श्री बी0एस0 दुबे, सलाहकार (प्रोक्योरमेन्ट सेल), यूपीडा।
17. श्री संजय चावला, डिप्टी कलेक्टर (प्रभारी प्रशासन), यूपीडा।
18. श्री अनन्त कुमार शर्मा, अधिशासी अभियन्ता, यूपीडा।
19. श्री दुर्गेश उपाध्याय, मीडिया सलाहकार, यूपीडा।

**उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा निदेशक मण्डल के सदस्यों का 47वीं निदेशक मण्डल की बैठक में स्वागत किया गया एवं एजेण्डा नोट पर बिन्दुवार चर्चा प्रारम्भ की गई:-**

**एजेण्डा बिन्दु-01:- उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 11.04.2019 सम्पन्न हुई 46वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि हेतु उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा निदेशक मण्डल से अनुरोध किया गया:-**

**कार्यवाही/निर्णय:-**

निदेशक मण्डल द्वारा 46वीं बैठक के कार्यवृत्त से अवगत होते हुए कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

**एजेण्डा बिन्दु-02:- उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 11.04.2019 को सम्पन्न 46वीं बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या से उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बिन्दुवार निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया:-**

**कार्यवाही/निर्णय:-** निदेशक मण्डल द्वारा उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 11.04.2019 को सम्पन्न हुई 46वीं बोर्ड बैठक में लिए गये निर्णयों के सम्बन्ध में प्रस्तुत अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया, अनुपालन से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गई।

**एजेण्डा बिन्दु-03:- यूपीडा में चल रही विभिन्न तकनीकी स्टाफ की अत्यधिक कमी के दृष्टिगत अतिरिक्त तकनीकी स्टाफ के नियोजन हेतु अनुमोदन:-**

निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया है, कि दिनांक 21.05.2019 को मा0 मुख्यमंत्री जी के समक्ष पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की भौतिक प्रगति एवं बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति तथा गंगा एक्सप्रेसवे परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में सभी परियोजनाओं की अद्यावधि स्थिति से अवगत कराया गया बैठक में उच्च स्तर पर यह निर्णय लिया गया है, कि माह अगस्त, 2020 तक पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का मुख्य मार्ग परिवाहन के लिये खोल दिया जायेगा।

बैठक में यूपीडा के अधिकारियों द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि उपरोक्त परियोजनाओं के कियान्वयन हेतु तकनीकी स्टॉफ की कमी है एवं पर्याप्त संख्या में लोक निर्माण विभाग द्वारा यूपीडा में प्रतिनियुक्ति पर वांछित तकनीकी स्टाफ तैनात नहीं किया जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि परियोजना के हित में यूपीडा द्वारा वांछित तकनीकी स्टाफ को संविदा/आउटसोर्सिंग के माध्यम से रख लिया जाये।

वर्तमान में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे एवं गंगा एक्सप्रेसवे परियोजनाओं हेतु विभिन्न श्रेणी के तकनीकी पदों की आवश्यकता है, वर्तमान में उपलब्ध तकनीकी स्टाफ एवं उनके आवश्यकता निम्नवत् है:-

| वर्तमान में उपलब्ध तकनीकी स्टाफ एवं उनकी कुल आवश्यकता | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **पद का नाम** | **कुल आवश्यकता** | **उपलब्ध संख्या** | रिक्तियां | **टिप्पणी** |
| मुख्य अभियन्ता/मुख्य महाप्रबन्धक | 02 | 02 | - | |
| अधीक्षण अभियन्ता/ वरिष्ठ महाप्रबन्धक | 06 | 01 | 51+=6 | 01 अधीक्षण अभियन्ता स्थानान्तरणाधीन हैं। |
| अधिशासी अभियन्ता/ महाप्रबन्धक | 23 | 11 | 12 | |
| सहायक अभियन्ता/ प्रबन्धक | 46 | 16 | 30 | |
| अवर अभियन्ता/ अवर अभियन्ता (प्राविधिक)/सहायक प्रबन्धक | 53 | 27 | 26 | |

उपरोक्त से स्पष्ट है, कि वर्तमान में 74 तकनीकी श्रेणी के पद परियोजना हेतु आपेक्षित है।

प्रस्ताव से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल द्वारा 74 तकनीकी पदो के सृजन के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुये यह परामर्श दिया गया कि पदों पर चयन प्रकिया हेतु एक चयन–नीति (Selection Policy) तैयार कर आगामी बोर्ड में अनुमोदन करा कर चयन हेतु–अग्रिम कार्यवाही की जायें।

**कार्यवाही / निर्णय** उक्त परामर्श पर अध्यक्ष महोदय द्वारा यूपीडा में चयन–नीति तैयार करने हेतु निर्देश दिये गये।

**एजेण्डा बिन्दु–04:–** **पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के संरेखण में आने वाले वन विभाग के स्वामित्व वाले वृक्षों का हटाया जाना:–**

निदेशक मण्डल को विशेष कार्याधिकारी (वन) द्वारा अवगत कराया गया कि वन विभाग को यूपीडा द्वारा रू0 4871548 प्रभागीय वन अधिकारी आजमगढ वन प्रभाग को दिनांक 29.04.2019 को उपलब्ध कराया जा चुका है, एवं वन निगम द्वारा 600 वृक्षों का पातन किया जा चुका है।

**कार्यवाही / निर्णय** कोई कार्यवाही आपेक्षित नहीं।

**एजेण्डा बिन्दु–05:–** **अधिष्ठान एवं प्रशासन से सम्बन्धित कार्यों का अनुमोदन :–**

1. **संविदा पर कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों के सेवा विस्तार का अनुमोदन प्राप्त किया जाना:–**

मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के अनुमोदन के आधार पर संविदा पर कार्यरत निम्नवत् अधिकारियों / कर्मचारियों का प्राधिकरण के कार्यहित में सेवा विस्तार किया गया है, जिसका अनुमोदन निदेशक मण्डल की बोर्ड बैठक में प्राप्त किया जाना है:–

| क्र0सं0 | नाम अधिकारी / कर्मचारी | पदनाम | पूर्व नियुक्ति अवधि | सेवा विस्तार अवधि | सेवा विस्तार के पश्चात् नियुक्ति अवधि | यूपीडा आदेश संख्या / तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री किशोर कुमार पाण्डेय | सलाहकार (प्रोक्योरमेन्ट) | 30.04..2019 तक | एक वर्ष | 30.04..2020 तक | 539 / यूपीडा / 180 / 12 / अधि0 दि0 30.04.2019 | सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारी के पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा यूपीडा में भविष्य में इनके कार्य की आवश्यकता के दृष्टिगत समीक्षा करते हुए सेवा विस्तार किया गया। |
| 2 | श्री रामचन्द्र मौर्य | लिपिक | 14.05.2019 तक | 06 माह | 14.11.2019 तक | 788 / यूपीडा / 351 / 14 / अधि0 दि0 14.05.2019 | – तदैव– |
| 3 | श्री विनीत कुमार ओझा | सहायक (विधि) | 13.05.2019 तक | 06 माह | 13.11.2019 तक | 680 / यूपीडा / 347 / 14 / अधि0 दि0 07.05.2019 | – तदैव– |
| 4 | श्री भोलानाथ यादव | डाकरनर | 28.05.2019 तक | 06 माह | 28.11.2019 तक | 956 / यूपीडा / 467 / 15 / अधि0 दि0 21.05.2019 | – तदैव– |
| 5 | श्री प्रकाश नारायण टण्डन | प्रबन्धक (पर्यावरण) | 28.05.2019 तक | 06 माह | 28.11.2019 तक | 1017 / यूपीडा / 468 / 15 / अधि0 दि0 23.05.2019 | – तदैव– |
| 6 | श्री जय प्रकाश सिंह | सलाहकार (भू–अर्जन) | 11.05.2019 | एक वर्ष | 11.05.2020 | 483 / यूपीडा / 705 / 17 / अधि0 दिनांक 26.05.2019 | – तदैव– |
| 7 | श्री पी0पी0 सिंह | लेखाकार | 27.04.2019 तक | 02 माह 03 दिन | 30.06.2019 तक | 434 / यूपीडा / 519 / 15 / अधि0 दि0 24.04..2019 | – तदैव– |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | श्री निर्मल राम नागर | अधीक्षण अभियन्ता (विद्युत) | 11.04.2019 तक | 06 माह | 11.10.2019 तक | 281 / यूपीडा / 828 / 18 / अधि0 दि0 15.04.2019 | – तदैव– |
| 10 | श्री दुर्गेश उपाध्याय | मीडिया सलाहकार | 30.04.2019 तक | एक वर्ष | 30.04.2020 तक | 628 / यूपीडा / 914 / 18 / अधि0 दि0 02.05.2019 | – तदैव– |
| 11 | श्री मनोहर सिंह यादव | सुरक्षा अधिकारी | 24.04.2019 तक | 06 माह | 24.10.2019 तक | 629 / यूपीडा / 1086 / 18 / अधि0 दि0 03.05.2019 | – तदैव– |
| 12 | श्री सत्य नारायण राम चौहान | विशेष राजस्व अधिकारी | 29.04.2019 तक | 06 माह | 29.10.2019 तक | 429 / यूपीडा / 1093 / 18 / अधि0 दि0 24.04.2019 | – तदैव– |
| 13 | श्री के0एन0 निगम | लेखाकार कम कैशियर | 24.04.2019 तक | 06 माह | 24.10.2019 तक | 196 / यूपीडा / 1083 / 18 / अधि0 दि0 10.04.2019 | – तदैव– |
| 14 | श्री दयाराम यादव | लेखाकार कम कैशियर | 24.04.2019 तक | 06 माह | 24.10.2019 तक | 406 / यूपीडा / 1084 / 18 / अधि0 दि0 23.04.2019 | – तदैव– |
| 15 | श्री ओंकार नाथ वर्मा | विशेष राजस्व अधिकारी | 30.04.2019 तक | 06 माह | 31.10.2019 तक | 534 / यूपीडा / 1094 / 18 / अधि0 दिनांक 30.04.2019 | – तदैव– |
| 16 | श्री राममूर्ति | निजी सचिव | 02.06.2019 तक | 06 माह | 02.12.2019 तक | 771 / यूपीडा / 1109 / 18 / अधि0 दिनांक 13.05.2019 | – तदैव– |
| 17 | श्री चुनकू राम पटेल | विशेष कार्याधिकारी (भू–अर्जन) | 03.06.2019 तक | 06 माह | 03.12.2019 तक | 1016 / यूपीडा / 1129 / 18 / अधि0 दिनांक 23.05.2019 | – तदैव– |
| 18 | श्री जितेन्द्र नाथ तिवारी | राजस्व सहायक | 19.05.2019 तक | 03 माह | 19.08.2019 तक | 1052 / यूपीडा / 1223 / 19 / अधि0 दिनांक 24.05.2109 | – तदैव– |
| 19 | श्री सीताराम यादव | राजस्व सहायक | 17.05.2019 तक | 03 माह | 17.08.2019 तक | 836 / यूपीडा / 1212 / 19 / अधि0 दिनांक 16.05.2019 | – तदैव– |

1. **पी0आई0यू0 में संविदा पर कार्यरत लेखाकार कम कैशियर को पेट्रोल एवं मोबाईल व्यय की प्रतिपूर्ति की सुविधा अनुमन्य कराये जाने हेतु बोर्ड से स्वीकृति प्राप्त किया जाना।**

प्राधिकरण के कार्यो को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु यूपीडा के पूर्व निर्गत आदेश सं0–826 / यूपीडा / 14 दिनांक 09.09.2014 के क्रम में पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे एवं आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे के पी0आई0यू0 में कार्यरत निम्नलिखित लेखाकार कम कैशियरों द्वारा पेट्रोल एवं मोबाईल व्यय की प्रतिपूर्ति की सुविधा अनुमन्य कराये जाने का अनुरोध किया गया है। कृपया बोर्ड से इसकी स्वीकृति / अनुमोदन प्राप्त किया जाना हैः–

| क्रसं. | कर्मचारी का नाम | पदनाम | तैनाती स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री वीरेन्द्र कुमार बैजल | लेखाकार कम कैशियर | पी0आई0यू0–1(आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे) आगरा। |
| 2. | श्री के0एन0 निगम | लेखाकार कम कैशियर | पी0आई0यू0–4 (पूर्वान्चिल एक्सप्रेसवे) सुल्तानपुर |
| 3. | श्री विजय सिंह | लेखाकार कम कैशियर | पी0आई0यू0–8 (पूर्वान्चिल एक्सप्रेसवे) मऊ। |
| 4. | श्री रामबरन यादव | लेखाकार कम कैशियर | पी0आई0यू0–3 (पूर्वान्चिल एक्सप्रेसवे) जगदीशपुर। |

**कार्यवाही / निर्णय** प्रस्ताव से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल द्वारा अधिष्ठान के उपरोक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया, तदानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

**एजेण्डा बिन्दु–06:–** **मा0 उच्च न्यायालय एवं उच्यतम् न्यायालय में प्रचलित वादों के विवरण अद्यतन स्थिति दिनांक 03.06.219 तक संलग्न 1–2 पर स्थापित एवं यूपीडा में मा0 उच्च न्यायालय में योजित वादों के संक्षिप्त विवरण :–**

**कार्यवाही / निर्णय** निदेशक मण्डल द्वारा कृत कार्यवाही से अवगत होते हुये संस्तुति व्यक्त की गई।

**एजेण्डा बिन्दु–07/09** **पूर्वांचल एक्सप्रेसवे प्रवेश नियन्त्रित एक्सप्रेवे पर चेन्ज आफ स्कोप के अन्तर्गत कार्यो का अनुमोदन (CoS Notice issues)**

**कार्यवाही/निर्णय** वर्तमान में प्रस्तुत चेंज ऑफ स्कोप (CoS) में लागत सम्मिलित नहीं है। अतः निदेशक मण्डल द्वारा निर्देश दिए गए कि CoS की लागत प्राप्त हो जाने के उपरान्त निदेशक मण्डल के अनुमोदन हेतु पुनः प्रस्तुत किये जाये।

**एजेण्डा बिन्दु–08:–** **नवीन तकनीक से सर्विस मार्ग पर कार्य कराये जाने के संबंध में–**

**कार्यवाही/निर्णय** प्रायोगिक तौर पर नवीन तकनीक से सर्विस मार्ग पर कार्य कराये जाने के लिए निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–10:–** **उ0प्र0 रक्षा एवं एयरोस्पेस एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति–2018 में प्रस्तावित संशोधनः–**

**कार्यवाही/निर्णय** मुख्य तकनीकी सलाहकार द्वारा उ0प्र0 रक्षा एवं एयरोस्पेस एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति–2018 में प्रस्तावित संशोधन से निदेशक मण्डल के सदस्यों को अगवत कराया गया। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास के सदस्य, सचिव महोदय द्वारा यह भी परामर्श दिया गया कि प्रस्तावित संशोधनों में बिन्दु–04 के 4.1 प्रस्तर में Eligible fixed assets की सूची भी तैयार कर अनुमोदित करा ली जायें। मुख्य तकनीकी सलाहकार द्वारा अवगत कराया गया कि सूची उपलब्ध है, उसे संशोधन प्रस्ताव में सम्मिलित कर लिया जायेगा।

**अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–01:–** **बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना हेतु क्रय की जाने वाली भूमि के लिए जनपद स्तरीय भूमि क्रय की दर एवं मूल्य निर्धारण समितियों द्वारा पारित प्रस्तावों को मण्डलायुक्तों द्वारा अनुमोदित दरों का निदेशक मण्डल से अनुमोदन का प्रस्ताव।**

**कार्यवाही/निर्णयः–** प्रस्ताव से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल ने प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया एवं अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास के सदस्य, सचिव महोदय द्वारा यह भी व्यवस्था दी गई कि अनुमोदित दरों पर भूमि कय के बाद भूमि कय की लागत के विवरण निदेशक मण्डल की बैठकों में अनुमोदित कराया जाना उचित होगा। उक्त पर अध्यक्ष महोदय द्वारा सहमति व्यक्त करते हुये विशेष कार्याधिकारी, भू–अर्जन (बुन्देलखण्ड) को तदानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

**अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–02:–** **यूपीडा के भू–अर्जन सेल में ऑडिट सेल** का गठन हेतु **एक सहायक प्रबंधक, तीन लेखाकार कम ऑडिटर कुल 04 पद सृजन विषयक का निदेशक मण्डल से अनुमोदन का प्रस्ताव।**

**कार्यवाही/निर्णयः–** **वित्त नियंत्रक द्वारा** तहसील के लेखा अनुभाग में **एक ऑडिट सेल के** गठन की आवश्यकता से निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया कि ऑडिट सेल में निम्न् पदों की आवश्यकता है :–

1–सहायक प्रबंधक (दो पद)

2–लेखाकार कम ऑडिटर (चार पद)

वर्तमान में प्रस्तावित पदों के सापेक्ष्य एक सहायक प्रबंधक एवं एक लेखाकर कार्यरत है। शेष **एक सहायक प्रबंधक, तीन लेखाकार कम ऑडिटर** कुल 04 पदों की आवश्यकता है, उक्त प्रस्ताव से अवगत होते हुये

मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं अध्यक्ष महोदय यूपीडा निदेशक मण्डल द्वारा निदेशक मण्डल के सभी सदस्यों को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की भौतिक प्रगति देखने हेतु आमंत्रित किया गया एवं प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की विशिष्टताओं एवं अद्यतन प्रगति से भी अवगत कराया गया।

अंत में उप मुख्य कर्यपालक अधिकारी द्वारा माननीय अध्यक्ष एवं बोर्ड के सदस्यों को बैठक में प्रतिभाग हेतु धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

---

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 06.06.2019 को सम्पन्न हुई 47वीं बैठक के उपरोक्त कार्यवृत्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा, पत्रावली में दिनांक 06 जून, 2019 को अनुमोदित किये गये है।

(श्रीश चन्द्र वर्मा)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी